पीत पत्र के नाम

प्रधान सचिव

**विभागीय ज्ञापांक 3725 दिनांक 17.07.18 के आलोक में श्री कुमार सर्वानन्द, सहायक निदेशक सह नोडल पदाधिकारी झंझारपुर द्वारा नगर पंचायत में मुख्यमंत्री नाली गली योजना, हर घर नल जल योजना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान एवं अन्य योजनाओ तथा क्षेत्र भ्रमण कर कार्यो का निरीक्षण संबंधित प्रतिवेदन।**

**दिनांक– 23.08.2018**

1. **मुख्यमंत्री नली गली योजना :–** कुल 16 वार्डो में 52 योजनाओं में से 43 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यापालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इसके अतिरिक्त 27 योजनाओं का कार्यादेश दिनांक 04.08.2018 को दिया जा चुका है जिनपर कार्य शुरू करनें हेतु संवेदकों को नोटिस किया गया है। स्थल भ्रमण के क्रम में निम्नलिखित योजनाओं का स्थल भ्रमण कार्यपालक पदाधिकारी के साथ किया गया :–

   a) वार्ड सं0 12 में बेलाराही जाने वाली रोड से ओशो नगरी तक पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण।

   b) वार्ड संख्या 12 में पंचानाथ मंदिर के दक्षिणवारी भाग से स्व0 हरिकांत यादव घर होते हुए भागवत चौधरी घर के आगे तक पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण।

   c) वार्ड सं0 3 में सुर्यनारायण घर से उमाशंकर झा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण।

   d) वार्ड सं0 3 में रामप्रसाद राउत के घर से गुनेश्वर राय के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।

   कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इसके अतिरिक्त अन्य वार्डो में भी पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण किया गया है।

2. **हर घर नल का जल :–** स्थल भ्रमण के क्रम में निम्नलिखित योजनाओं का स्थल भ्रमण कार्यपालक पदाधिकारी के साथ किया गया :–

   a) वार्ड सं0 12, 13 में बुडको द्वारा जलापूर्ति योजना। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह योजना करीबन 4 वर्षो कार्यान्वयित रहते हुए भी मात्र Main

प्रधान सचिव कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग 24 AUG 2018
प्रधान सचिव कोषांग नगर विकास एवं आवास विभाग पत्र पंजी 28 AUG 2018 संख्या

Pipeline बिछाया गया है। Overhead Tank का मात्र Foundation कार्य ही स्थल पर पाया गया। House to House अभी प्रारम्भ नहीं करवाया गया है। अतः इसे शीघ्र पूरा करवाने हेतु विभाग की और से Buidco से अनुरोध किया जाय।

b) नगर पंचायत द्वारा किये जाने वाले जलापूर्ति कार्य में कुल 14 वार्डो में से 09 वार्डो में कार्य प्रारम्भ है। वार्ड सं0 06, 03, 10, 15 एवं 14 का स्थल भ्रमण में Boring कार्य पूर्ण पाया गया। शेष वार्डो में बोरिंग, Pipeline एवं House to House Connection शीघ्र पूर्ण करनें हेतु निदेश दिया गया है।

3. **सबके लिए आवास योजना (शहरी)** :– कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बतलाया गया कि 500 लाभुकों को घर उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृत हुआ था। इनमें 390 लाभुकों को **तत्कालिन कार्यपालक पदाधिकारी** द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया था। जिसमें 374 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध करा दिया गया है। द्वितीय किस्त 225 लाभुकों को एवं तृतीय किस्त 26 लाभुकों को उपलब्ध कराया गया है। निम्नलिखित लाभुकों का आवास का स्थल भ्रमण कार्यपालक पदाधिकारी के साथ किया गया :–

**a) विकू राय, पिता– नेवत राय, वार्ड सं0 02.**

**b) त्रिवेणी मंडल, पिता– छोटु मंडल, वार्ड सं0 10**

**c) हरी मंडल, पिता– कंटिर मंडल, वार्ड सं0 10**

**d) उर्मिला देवी, पति– रमेश ठाकुर, वार्ड सं0 10**

**e) भोला पासवान पिता– महेश्वर पासवान, वार्ड सं0 11**

4. **शौचालय निर्माण घर का सम्मान** :– कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 16 वार्ड में 1822 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण किया जाना है। जिसमें 1347 परिवारों को प्रथम किस्त एवं 403 को द्वितीय किस्त की राशि **स्वच्छ भारत मिशन** तथा **सबके लिए आवास योजना** के तहत उपलब्ध करा दिया गया है। शेष परिवारों को शौचालय निर्माण पूर्ण करनें हेतु **नोटिस** किया गया है।

नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत दो **Public Toilet** अवस्थित है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया विभागीय निदेशानुसार **पूरे नगर क्षेत्र को अलगे माह तक ODF घोषित** करने की कार्यवाही की जा रही है। निम्नलिखित परिवारों का शौचालय का स्थल भम्रण कार्यपालक पदाधिकारी के साथ किया गया :–

**a) दुर्गानन्द साह, पिता– ठक्को साह, वार्ड सं0 01**

**b) ललीता देवी, पति– चन्दकिशोर साह, वार्ड सं0 01**

**c) विक्रम साह, पिता– जागेश्वर साह, वार्ड सं0 01**

**d) जगदीश राउत, पिता– रब्बी राउत, वार्ड सं0 10**

**e) दुर्गानन्द कामत, पिता– बसंत कामत, वार्ड सं0 10**

**f) सुभगलाल कामत, पिता– महेश्वर कामत, वार्ड सं0 10**

**g) अनोखा देवी, पति– धरमेन्द्र ठाकुर, वार्ड सं0 09**

**h) लक्ष्मी देवी, पति– धुरण राउत, वार्ड सं0 10**

विभागीय निदेशानुसार दिनांक 25.08.2018 को शिविर का ओयोजन कर लाभुकों को RTGS के माध्यम से राशि भुगतान करने हेतु निदेश दिया गया है।


5. स्थल भ्रमण के दौरान शहर का सफाई व्यवस्था को देखा गया। अधिकांश जगह पर साफ सुथरा था। कुछ जगहों पर सफाई की सुदृढ करने की आवश्यकता पायी गयी। नगर पंचायत द्वारा बताया गया कि दुकाने 10 बजे खुलती है। उसके बाद दुकानदारो द्वारा गंदगी जमा किया जाता है जिसे सुबह साफ करा दिया जाता है।

6. कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत झंझारपुर अन्तर्गत राज्य योजना अन्तर्गत थाना चौक से सुखेत सीमा तक नाला निर्माण कार्य में निविदा प्राप्त की जा चुकी है। इसे निष्पादित करने हेतु पटना भेजा जा रहा है। इससे शहर की जल जमाव की निकासी की समस्या को हल करनें में मद्द प्राप्त होगी।

7. नगर पंचायत झंझारपुर कार्यालय तक संपर्क पथ बनाने की आवश्यकता पायी गई। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया की अनुमंडल पदाधिकारी झंझारपुर से अनापत्ति की माँग की गयी है लेकिन यह अभी तक अप्राप्त है।

8. स्थल भ्रमण के दौरान खीची गई फोटो की प्रति संलग्न है।

24-8-18



दुर्गानन्द साह, पिता- ठक्को साह
वार्ड सं0 01




ललिता देवी, पति- चन्दकिशोर साह,
वार्ड सं0 01




विक्रम साह, पिता- जागेश्वर साह
वार्ड सं0 01




जगदिश राउत, पिता- रब्बी राउत
वार्ड सं0 10




दुर्गानन्द कामत, पिता– बसंत कामत
वार्ड सं0 10




सुभगलाल कामत, पिता– महेश्वर कामत
वार्ड सं0 10




अनोखा देवी, पति– धरमेन्द्र ठाकुर
वार्ड सं0 09




लक्ष्मी देवी, पति– घुरण राउत
वार्ड सं0 10




विकु राय, पिता– नेवत राय
वार्ड सं0 02




त्रिवेणी मंडल, पिता– छोटु मंडल, वार्ड सं0 10



हरि मंडल, पिता– कंटिर मंडल
वार्ड सं0 10



उर्मिला देवी, पति– रमेश ठाकुर
वार्ड सं0 10



भोला पासवान, पिता– वालेश्वर पासवान
वार्ड सं० 11